भा.वा.अ.शि.प.-वर्षा वन अनुसंधान संस्थान
ICFRE-RAIN FOREST RESEARCH INSTITUTE
भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद
Indian Council of Forestry Research & Education
(पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के अधीनस्थ एक स्वायत्त परिषद)
(An Autonomous body of Ministry of Environment, Forest & Climate Change, Govt. of India)
चेनीजान, जोरहाट – 785010, असम
Chenijaan, Jorhat-785010, Assam

सं.3/281-बी/2017/ **दिनांक : 04.09.2023**

परिपत्र / CIRCULAR

विषय/Sub: भा.वा.अ.शि.प.-वर्षा वन अनुसंधान संस्थान, जोरहाट में हिंदी पखवाड़ा (14-27 सितम्बर, 2023) समारोह के आयोजन...बाबत।

सचिव, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार के दिनांक 01 जून, 2023 के अ.शा. पत्र सं. 11034/06/2023-राजभाषा (नीति) के अनुपालन में, भा.वा.अ.शि.प.-वर्षा वन अनुसंधान संस्थान, जोरहाट में हिन्दी का उत्साहवर्धक वातावरण सृजित करने और कार्यालय में अधिकारियों और कर्मचारियों के बीच राजभाषा (हिंदी) के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए हिन्दी पखवाड़ा (14-27 सितम्बर, 2023) के आयोजन के दौरान निम्नलिखित कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे :

क्र.सं.	दिनांक, दिवस, समय	कार्यक्रम / प्रतियोगिता का नाम	स्थान	कार्य-दायित्वकर्ता / संचालक / परीक्षक
1.	**14.09.2023 से 15.09.2023** **बृहस्पतिवार-शुक्रवार**	हिन्दी दिवस एवं तृतीय अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन का शुभारंभ व उद्घाटन समारोह (श्री अमित शाह, माननीय गृह एवं सहकारिता मंत्री, भारत सरकार की अध्यक्षता में) भारत सरकार के सभी सरकारी कार्यालयों का सामुहिक रूप से पुणे, महाराष्ट्र में ही हिन्दी दिवस का उद्घाटन होगा।)	श्री शिव छत्रपति स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स, बालेवाड़ी, पुणे, महाराष्ट्र	✓ श्री शंकर शॉ, कनि. अनुवाद अधिकारी
2.	**18.09.2023 सोमवार 02.30 PM**	**हिन्दी निबंध लेखन प्रतियोगिता HINDI ESSAY WRITING COMPETTION**	ब्रह्मपुत्र सम्मेलन कक्ष, व.व.अ.सं., जोरहाट	✓ श्री दिनेश कुमार मीणा, वैज्ञानिक-डी

3.	**19.09.2023** **मंगलवार** **02.30 PM**	**हिन्दी श्रुतलेख प्रतियोगिता** **HINDI DICTATION COMPETITION**	ब्रह्मपुत्र सम्मेलन कक्ष, व.व.अ.सं., जोरहाट	✓ श्री सोनकेश्वर शर्मा, वैज्ञानिक-बी ✓ श्री पी.एस. श्रीकांत, वैज्ञानिक-बी
4.	**20.09.2023** **बुधवार** **02.00 PM**	**हिन्दी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता** **HINDI QUIZ COMPETITION**	ब्रह्मपुत्र सम्मेलन कक्ष, व.व.अ.सं., जोरहाट	✓ श्री अजय कुमार, वैज्ञानिक-डी ✓ श्री असीम चेतिया, पुस्तकालय सूचना सहायक
5.	**22.09.2023** **शुक्रवार** **02.30 PM**	**हिन्दी आशुभाषण प्रतियोगिता** **HINDI EXTEMPORE SPEECH COMPETITION**	ब्रह्मपुत्र सम्मेलन कक्ष, व.व.अ.सं., जोरहाट	✓ डॉ. कर्मा गयाल्पो भूटिया, वैज्ञानिक-बी ✓ श्री किंगशुक मोदक, वैज्ञानिक-बी ✓ श्रीमती प्रीतिमनी दास बोरा, पुस्तकालय सूचना सहायक
6.	**25.09.2023** **सोमवार** **02.30 PM**	**हिन्दी टिप्पण एवं पत्र लेखन प्रतियोगिता** **HINDI NOTING & DRAFTING COMPETTITION**	ब्रह्मपुत्र सम्मेलन कक्ष, व.व.अ.सं., जोरहाट	✓ श्री दिनेश कुमार मीणा, वैज्ञानिक-डी
7.	**27.09.2023** **बुधवार** **02.30 PM**	**कविता-पाठ प्रतियोगिता** **समापन समारोह कार्यक्रम** **पुरस्कार वितरण** **POETRY RECITATION COMPETITION** **CLOSING CEREMONY** **CERTIFICATE/PRIZE DISTRIBUTION**	ब्रह्मपुत्र सम्मेलन कक्ष, व.व.अ.सं., जोरहाट	✓ डॉ. प्रसून कर्माकर, वैज्ञानिक-बी ✓ श्री सोनकेश्वर शर्मा, वैज्ञानिक-बी

कार्यक्रम की विस्तृत सूचना निम्नलिखित है -

1. **<u>हिन्दी निबंध लेखन प्रतियोगिता</u>**

इस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर हिंदी में लगभग 500 शब्दों में एक निबंध लिखना अपेक्षित है।

i) भारत की सांस्कृतिक एकता
ii) यदि मैं वर्षा वन अनुसंधान संस्थान का निदेशक होता
iii) राजभाषा हिन्दी
iv) चंद्रयान-3

2. हिन्दी श्रुतलेख प्रतियोगिता : प्रतिभागियों को परीक्षक द्वारा तय किए गए हिंदी में कुछ शब्दों/गद्यांश का श्रुतलेखन करवाया जाएगा।
3. हिन्दी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता : इस प्रतियोगिता में दो-तीन कर्मचारियों को समूह में बांटकर विभिन्न विषयों पर प्रश्नोत्तरी आयोजित की जाएगी।
4. आशुभाषण प्रतियोगिता : प्रतियोगिता में भाग लेने वाले कर्मचारियों को निर्धारित समय तक दिए गए विषय पर भाषण देना होगा। सामान्य ज्ञान, विज्ञान, साहित्य, देश-दुनिया तथा दैनिक-जीवन से संबंधित विषय होंगे।
5. हिन्दी टिप्पण एवं पत्र लेखन प्रतियोगिता : इस प्रतियोगिता में "पारंगत" हिन्दी शिक्षण पाठ्यक्रम में पंजीकृत अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा पारंगत परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके अधिकारियों एवं कर्मचारियों का भाग लेना अनिवार्य है।
6. हिन्दी कविता-पाठ प्रतियोगिता : हिन्दी के प्रसिद्ध कवियों की कविताओं का पाठ किया जा सकता है। प्रत्येक प्रतिभागियों को कविता-पाठ करने के लिए अधिकतम 5 मिनट का समय दिया जाएगा।

आर. के. बोरा
4.9.2023

(डॉ. राजीब कुमार बोरा)
निदेशक

प्रतिलिपि - सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु:

1. **व.व.अ.सं., जोरहाट के समूह समन्वयक (अनुसंधान) / सभी प्रभागाध्यक्ष/ समन्वयक (सुविधाएं व सेवाएं) / अवर सचिव** - प्रत्येक प्रतियोगिता में भाग के लिए अपने संबंधित प्रभाग/अनुभाग/प्रकोष्ठ से स्वयं सहित अधिक से अधिक अधिकारियों व कर्मचारियों को नामित करने के अनुरोध के साथ।

2. **प्रभागाध्यक्ष, विस्तार प्रभाग, भा.वा.अ.श.प.-व.व.अ.सं.** - बैनर, प्रमाण-पत्र, ब्रह्मपुत्र सम्मेलन कक्ष की व्यवस्था सहित अन्य सामान्य व्यवस्था करने के अनुरोध के साथ।

3. **कार्य-दायित्वकर्ता/ संचालक/ परीक्षक** - निर्धारित तिथि/समय में दिए गए कर्तव्यों का निर्वाह करने के अनुरोध के साथ।

4. **सूचना पट्ट** - व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु।

5. **सूचना प्रौद्योगिकी प्रकोष्ठ**, भा.वा.अ.श.प.-व.व.अ.सं., जोरहाट - वेबसाइट पर अपलोड करवाने हेतु।

नोट: दिनांक 15.09.2023 तक प्रतिभागियों की सूची हिन्दी प्रकोष्ठ, भा.वा.अ.शि.प.-व.व.अ.सं. (vsharma@icfre.org) को अवश्य भिजवा दी जाए। हिन्दी पखवाड़ा-2023 के संबंध में किसी भी अन्य सूचना के लिए हिन्दी प्रकोष्ठ से संपर्क करें।